
**सोमवार**
20 जून 2022

पृष्ठ 4
**गर्दन की झुर्रियां और ढीली त्वचा से पा सकते हैं राहत !**



पृष्ठ 5
**'भाईजान' में हुई पलक तिवारी की एंट्री**




● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 137
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त


**आज का विचार**

जब तक भारत का राजकाज अपनी भाषा में नहीं चलेगा तब तक हम यह नहीं कह सकते कि देश में स्वराज है।
– मोरारजी देसाई

# बंद बेअसर, प्रदर्शन जारी

## ❑युवाओं ने किया सचिवालय कूच




विशेष संवाददाता

देहरादून। अग्नीपथ योजना के विरोध में किए गए भारत बंद का आज उत्तराखंड में कहीं भी कोई असर दिखाई नहीं दिया। सामान्य दिनों की तरह बाजार और कार्यालय खुले लेकिन शहर-शहर विरोध प्रदर्शनों का दौर आज भी जारी रहा राजधानी दून में बड़ी संख्या में बेरोजगार युवक परेड ग्राउंड में जमा हुए और उन्होंने सचिवालय कूच किया तथा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन किया, वहीं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है।

अग्निपथ योजना को लेकर धरने प्रदर्शनों का दौर लगातार जारी है। राजधानी दून में आज बड़ी संख्या में जमा हुए

### ❑आप का डीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

युवाओं ने अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग को लेकर परेड ग्राउंड से सचिवालय कूच किया। युवाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा सड़कों पर पुश-अप लगाकर विरोध जताया। इन युवाओं की मांग है कि सरकार 4 साल की नौकरी वाली इस योजना को वापस ले तथा पहले की

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## सीएम धामी ने किया पूर्व सैनिकों से संवाद

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज अग्निपथ योजना पर पूर्व सैनिकों का फीडबैक लेने के लिए उनसे संवाद किया। जिसमें पूर्व सैनिकों ने अग्नि वीरों के भविष्य को लेकर कई सवाल किए गए। मुख्यमंत्री धामी ने उन्हें भरोसा दिलाया कि इस योजना को लेकर जो भी भ्रांतियां हैं उन्हें दूर किया जाएगा तथा राज्य पुलिस व अन्य विभागों में उनको वरीयता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि योजना युवाओं के हित में है और इससे राज्य के विकास को नई दिशा मिलेगी। वार्ता के दौरान पूर्व सैनिकों ने जो सवाल उठाए उसके बारे में उन्होंने कहा कि वह जिला प्रशासन को अपने सुझाव लिखित में दें जिन्हें सैनिक कल्याण मंत्री द्वारा केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

### वर्षा और बर्फबारी से यात्रा प्रभावित

# हेमकुंड साहिब यात्रा रोकी

**●बद्रीनाथ यात्रियों को भी रोका**
**●पहाड़ पर भारी बारिश का अलर्ट**

विशेष संवाददाता

चमोली/रुद्रप्रयाग। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार पहाड़ों पर जून में भारी बारिश और बर्फबारी से चार धाम यात्रा प्रभावित है। वही हेमकुंड साहिब में भारी बर्फबारी के कारण मौसम साफ होने तक यात्रा को रोक दिया गया है।

चमोली से प्राप्त समाचार के अनुसार बीते 24 घंटों में हेमकुंड साहिब और बद्रीनाथ के पहाड़ों पर भारी बर्फबारी हुई है। हेमकुंड साहिब में एक से दो फीट तक बर्फ पड़ चुकी है और अभी भी बर्फबारी का सिलसिला जारी है। रास्ते पर दो-दो फीट बर्फ जमा होने से पैदल मार्ग बंद हो चुका है जिसके चलते फिलहाल हेमकुंड साहिब यात्रा को रोक दिया गया है। जो श्रद्धालु हेमकुंड साहिब यात्रा पर जा रहे हैं उन्हें गोविंदघाट और जोशीमठ में रोक दिया गया है। मौसम खराब रहने और बर्फ को हटाए जाने तक यात्रा बंद रहेगी।

वही जोशीमठ से प्राप्त समाचार के अनुसार बद्रीनाथ क्षेत्र में भारी बारिश और बर्फबारी हो रही है। सुरक्षा के मद्देनजर यात्रियों को मौसम साफ होने तक सुरक्षित पढ़ावो पर रुकने को कहां गया है। बद्रीनाथ राजमार्ग पर घाघरिया में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को रोका गया है।

बद्रीनाथ धाम में वर्षा व बर्फबारी जारी है। बद्रीनाथ के आसपास के पहाड़ों पर बर्फबारी से धाम का दृश्य तो मनोरम हो गया है लेकिन सर्दी का प्रकोप भी बढ़ गया है। उधर उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग से प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र में बारिश होने की खबर है। खराब मौसम में यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि मौसम साफ होने पर यात्रा शुरू करें। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## कुपवाड़ा और कुलगाम एनकाउंटर में 2 पाक आतंकी समेत 4 दहशतगर्द ढेर

नई दिल्ली । जम्मू–कश्मीर में आतंकियों के खिलाफ भारतीय सेना का ऑपरेशन जारी है। कुपवाड़ा और कुलगाम जिलों में चल रहे आतंकवाद विरोधी अभियानों में भारतीय सुरक्षा बलों ने दो पाकिस्तानी आतंकवादियों सहित अब तक चार आतंकवादियों को मार गिराया है।

जम्मू–कश्मीर पुलिस ने सोमवार को एनकाउंटर की जानकारी देते हुए बताया कि सेना के साथ पुलिस ने कुपवाड़ा और कुलगाम जिलों में चल रहे दो आतंकवाद विरोधी अभियानों में अब तक दो पाकिस्तानी आतंकवादियों सहित चार आतंकवादियों को मार गिराया है।

कुपवाड़ा और कुलगाम एनकाउंटर में आतंकी शौकत समेत ४ आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया है। कुपवाड़ा एनकाउंटर के तहत पुलिस को हथियार और गोला–बारूद समेत आपत्तिजनक सामग्री मिली। फ़िलहाल तलाश अभियान जारी है। जम्मू–कश्मीर पुलिस ने बताया कि एनकाउंटर में मारा गया एक दहशतगर्द लश्कर–ए–तैयबा का मेंबर है। वह पाकिस्तान का रहने वाला था। पुलिस महानिरीक्षक (कश्मीर) विजय कुमार के मुताबिक, मारे गए आतंकवादियों में एक की पहचान पाकिस्तानी नागरिक के रूप में हुई है, जो प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर–ए–तैयबा से जुड़ा हुआ था। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए आतंकवादी के साथ–साथ दो–तीन और आतंकवादी इस मौजूदा मुठभेड़ में फंसे हुए हैं। अभी मुठभेड़ चल रही है।

## देश में पिछले 24 घंटे में सामने आए कोरोना के 12,781 नए मामले, 8,537 लोग हुए ठीक

नई दिल्ली । भारत में पिछले २४ घंटे में कोरोना के १२,७८१ नए मामले सामने आए हैं। इस दौरान १८ लोगों की मौत हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कोरोना अपडेट जारी किया है।

मंत्रालय के मुताबिक, इस दौरान ८,५३७ लोग कोविड से ठीक भी हुए हैं। बता दें कि रविवार को कोविड के देश में १२,८९९ मामले सामने आए थे।

मंत्रालय ने बताया कि एक्टिव केस ७६ हजार से पार हो गए हैं। देश में अभी एक्टिव केस ७६,७०० हैं। पाजिटिविटी दर ४.३२ फीसद जबकि साप्ताहिक पाजिटिविटी दर २.६२ फीसद हो गई है। अभी तक कुल ४ करोड़ २७ लाख ७ हजार ९०० मरीज ठीक हो चुके हैं। वहीं, ५ लाख २४ हजार ८७३ मरीजों की कोरोना से मौत हो चुकी है। देश में वैक्सीनेशन का आंकड़ा १९६ करोड़ के पार हो चूका है।



कोरोना वैक्सीन की १९६ करोड़ से ज्यादा खुराक लगाई जा चुकी है। १०१.४७ करोड़ से ज्यादा लोगों को पहली डोज जबकि ९०.५९ करोड़ से ज्यादा दूसरी डोज लगाई जा चुकी है। इसके अलावा चार करोड़ से ज्यादा प्रीकाशन डोज भी दी जा चुकी है। सरकार ने बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को १९३.५३ करोड़ से ज्यादा वैक्सीन उपलब्ध कराई जा चुकी है। १२.७५ करोड़ से ज्यादा वैक्सीन अभी राज्यों के पास शेष है।

भारत में सबसे अधिक नए केस पिछले २४ घंटे में महाराष्ट्र से सामने आए। यहां रविवार को ४,००४ नए मामले मिले। एक मरीज की मौत भी हो गई। महाराष्ट्र में संक्रमण के नए मामलों में २,०८७ मामले अकेले मुंबई के हैं। इसके अलावा केरल से ३३७८ नए केस रविवार को मिले। यहां ११ मरीजों की मौत दर्ज की गई। देश की राजधानी दिल्ली से १५३० और तमिलनाडु से ६९२ नए मामले मिले। वहीं कर्नाटर से ६२३ नए केस सामने आए।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# अग्निपथ की आग

सेनाओं में भर्ती के लिए रक्षा मंत्रालय ने जो अग्निपथ का तरीका तलाशा है उससे देश के युवा सहमत नहीं हैं। यह देश भर में चल रहे विरोध प्रदर्शनों का पहला सच है। विपक्षी राजनीतिक दलों का जो समर्थन मिल रहा है वह राजनीति का हिस्सा है यह इसका दूसरा सच है। सरकारी स्तर पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ जो सख्त कार्रवाई की जा रही है वह दमन का हथियार है। सरकार अपने फैसले को जबरन बेरोजगार युवाओं पर थोपने का प्रयास कर रही है यह इसका चौथा सच है। पांचवा सच यह है कि सरकार ने यह फैसला बहुत जल्दबाजी में लिया और इस पर पूरा होमवर्क नहीं किया गया है। योजना को घोषित किए जाने के बाद जब विरोध के स्वर उग्र हुए तो सेना प्रमुख और सरकार को कई ऐसी घोषणा करनी पड़ी जिसमें उन्हें 10 फीसदी आरक्षण की बात भी शामिल है। अग्निपथ योजना की घोषणा के समय यह भी साफ नहीं किया गया था कि अब सेनाओं में भर्ती का यही माध्यम होगा अन्य दूसरा कोई माध्यम नहीं। सही मायने में यह सेना में सैनिकों की नहीं ट्रेनी सैनिकों की भर्ती है जिन्हें 4 साल बाद सरकार चाहे तो रखे न चाहे तो न रखे। अग्निपथ के जरिए अग्निवीर बनने वाले युवाओं के मन में अपने भविष्य को लेकर तमाम तरह की जो आशंकाए हैं उनका परिणाम है यह विरोध प्रदर्शन। बेरोजगार युवा जो सेना में भर्ती की सालों से राह देख रहे है उनका आक्रोश है यह प्रदर्शन। देश में बेरोजगारों की जो फौज खड़ी हो गई है उसका कारण है यह विरोध प्रदर्शन। सरकार ने अब इसकी आयु सीमा में बढ़ोतरी की है पर फिर 10 फीसदी आरक्षण की घोषणा की गई है इस पर पहले विचार क्यों नहीं किया गया अगर सेना के अधिकारी व सरकार इस योजना पर चार-पांच साल से काम कर रहे थे तो इस ओर क्यों नहीं सोचा गया कि 4 साल की नौकरी के बाद यह युवा करेंगे क्या। अब भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री इन युवाओं को पुलिस व अन्य नौकरियों में वरीयता देने की बात कर रहे हैं तथा उनके द्वारा अपने अधिकारियों को भी युवाओं को इसके फायदे व कायदे समझाने में लगाया गया है। मुख्यमंत्रियों द्वारा पूर्व सैनिकों से संवाद किया जा रहा है तथा पूर्व सैनिक संगठनों से संपर्क कर उन्हें युवाओं को समझाने का जिम्मा सौंपा जा रहा है। अच्छा होता कि इस योजना को लांच करने से पूर्व सरकार यह सब काम कर लेती। लेकिन भाजपा सरकार को तो अचानक फैसले सुना कर देशवासियों को चौंकाने की आदत पड़ी हुई है नोटबंदी और कोरोना काल में अघोषित कर्फ्यू लगाने की तरह। भले ही उसके परिणाम कुछ भी हो? यह फैसला विपक्ष और युवाओं को विश्वास में लेकर किया गया होता तो आज इस तरह के हालात का सामना शायद नहीं करना पड़ता। कृषि कानूनों की तरह अब सरकार एक बार फिर जिद पर अड़ चुकी है अग्निपथ योजना को वापस नहीं किया जाएगा वही जो इसका विरोध कर रहे हैं वह भी आंदोलन पर अड़े हैं। ऐसे हालात में राजनीति होना भी स्वाभाविक है, वह भी हो रही है। लेकिन अधर में लटका है तो वह है देश के युवा बेरोजगारों का भविष्य। उसका कोई समाधान होता नहीं दिख रहा है।

# अमेरिका, यूरोप से लड़ने की जरूरत नहीं

भारतीय जनता पार्टी के नेता और समर्थक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कई गुणों में से एक गुण यह बताते हैं कि अब जाकर देश को बोलने वाला प्रधानमंत्री मिला है। उसी तरह भारत को बोलने वाला विदेश मंत्री भी मिल गया है। यह अलग बात है कि विदेश मंत्री को अंदाजा ही नहीं होता है कि कब और कहां क्या बोलना है। तभी वे कहीं भी कुछ भी बोलते हैं यहां तक कि सही बात भी गलत जगह पर और गलत समय पर बोलते हैं। कुछ संयोग भी ऐसा है कि वे बोलते हैं और उसका उलटा हो जाता है।

पिछले दिनों अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने दुनिया भर में धार्मिक आजादी पर सालाना रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारत में अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों पर हमले को लेकर चिंता जताई गई थी। जवाब में विदेश मंत्रालय ने अमेरिका पर तीखी टिप्पणी की। वहां के 'गन कल्चर' पर सवाल उठाया और भारत को नसीहत न देने की सलाह दी।

विदेश मंत्रालय ने अमेरिका को एक तरह से लड़ने के अंदाज में जवाब दिया। इस जवाब के एक हफ्ते भी नहीं बीते थे कि पैगंबर मोहम्मद साहब के अपमान के मामले में सरकार घिर गई और अरब देशों से माफी मांगनी पड़ी। सोचें, अमेरिका ने नसीहत दी तो अपनी कमी स्वीकार करने या स्थितियों को ठीक करने का प्रयास करने की बजाय सरकार ने उससे लड़ना शुरू कर दिया और दूसरी ओर अरब देशों ने धमकाया तो सरकार घुटनों पर आ गई! यह कितना अपमानजनक है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता ने पैगंबर साहब का अपमान किया और माफी भारत सरकार मांग रही है! इसके बावजूद अरब देशों में रहने वाले भारतीयों की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। क्या ऐसा नहीं होना चाहिए था कि अमेरिकी रिपोर्ट और अरब देशों की नाराजगी को भारत वस्तुनिष्ठ व संतुलित तरीके से संभालता? लेकिन यह काम किसी सरकारी बाबू के बस का नहीं है।

इसी तरह जयशंकर चार जून को स्लोवाकिया के दौरे पर गए तो ब्रातिस्लावा में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने यूरोपीय देशों के लिए उलटा-सीधा बोल दिया। इसकी भी कोई जरूरत नहीं थी। न तो इसका मौका था और न इसकी जरूरत थी। लेकिन जयशंकर ने बिना मतलब का साहस दिखाते हुए कहा कि 'यूरोप इस मानसिकता से बाहर निकले कि उसकी समस्याएं पूरी दुनिया की समस्याएं हैं लेकिन दुनिया की समस्या यूरोप की समस्या नहीं है'। विदेश मंत्री ने यह बात रूस और यूक्रेन के युद्ध के संदर्भ में कही, जिसमें अमेरिका और यूरोप के देश चाहते हैं कि भारत स्पष्ट स्टैंड ले और रूस का विरोध करे।

ऐसा लग रहा है कि विदेश मंत्री को एक अनुप्रास अलंकार से युक्त वाक्य बोलना था सो उन्होंने बोल दिया। इसके पीछे कोई तार्किक आधार नहीं है। क्या जयशंकर दुनिया को बता सकते हैं कि दुनिया की कौन सी समस्या है, जिसे यूरोप के देश अपनी समस्या मान कर उसे सुलझाने के उपाय नहीं करते हैं? आज दुनिया इस्लामिक आतंकवाद से जूझ रही है तो क्या यूरोप के देश उसे रोकने के उपाय नहीं कर रहे हैं? तालिबान से लड़ने यूरोप के देश नहीं तो क्या भारत गया था? श्रीलंका में तमिलों के नरसंहार के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र संघ में क्या यूरोप के देश खड़े नहीं हुए? जहां तमिलों के समर्थन में भारत खड़ा नहीं हुआ वहां अमेरिका और यूरोपीय देश खड़े हुए। क्या जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के उपायों में यूरोप के देश पीछे हैं? क्या चीन की विस्तारवादी नीतियों का विरोध यूरोप के देश नहीं कर रहे हैं? रूस के बर्बर हमले के खिलाफ क्या यूरोपीय देश यूक्रेन की मदद नहीं कर रहे हैं? यूरोपीय देशों की गैस और तेल की ज्यादातर आपूर्ति रूस से होती है, जिसका जोखिम उठा कर उन्होंने रूस का विरोध किया। सो, कौन सी ऐसी वैश्विक समस्या है, जिसकी ओर विदेश मंत्री इशारा कर रहे थे?

यूरोप को आंख दिखाते हुए विदेश मंत्री ने यह भी कहा कि 'भारत के चीन के साथ रिश्ते असहज हैं लेकिन हमें इसको मैनेज करना आता है'। सोचें, चीन के साथ असहज रिश्ते का क्या मतलब है और भारत सरकार कैसे इसे मैनेज कर रही है? असहज रिश्ते को क्या कारोबार बढ़ा कर भारत मैनेज कर रहा है? पिछले वित्त वर्ष में पहली बार भारत और चीन का कारोबार 125 अरब डॉलर से ऊपर पहुंचा। इसमें चीन ने भारत को 97 अरब डॉलर का सामान बेचा है और भारत ने महज 28 अरब डॉलर का सामान उसको बेचा है। यानी सीधे तौर पर 69 अरब डॉलर का व्यापार घाटा भारत को है।

असल में चीन के साथ भारत के रिश्ते असहज नहीं हैं, बल्कि बहुत खराब हैं लेकिन भारत इस तरह चीन की आर्थिक गुलामी में फंसा है कि विदेश मंत्री खराब रिश्ते को असहज बता कर काम चला रहे हैं और उसके सामने सरेंडर करने को मैनेज करना कह रहे हैं। विदेश मंत्री को ध्यान रखना चाहिए कि अगर दुनिया का मीडिया रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत-चीन के संभावित युद्ध के सूत्र तलाश रहा है तो गलत नहीं कर रहा है। जयशंकर से इसी बारे में सवाल पूछा गया था। ब्रातिस्लावा में उनसे पूछा गया था कि यूरोप चाहता है कि यूक्रेन पर रूसी हमले को लेकर रूस के खिलाफ भारत सख्त स्टैंड ले क्योंकि भविष्य में कभी भारत को इसी तरह चीन के हमले का सामना करना पड़ सकता है और तब अगर यूरोप या दूसरे देश भारत की मदद के लिए नहीं आए तो क्या होगा? इसके जवाब में ही विदेश मंत्री का अंदाज ऐसा था कि यूरोप अपना देखे हम चीन के साथ असहज रिश्ते मैनेज कर लेंगे।

सोचें, यह कैसा कैजुअल और चलताऊ अंदाज है? क्या भारत जैसे देश का विदेश मंत्री वैश्विक मामलों में इस तरह की टिप्पणी कर सकता है? वह भी उन देशों के बारे में, जिनसे गहरे आर्थिक व सामरिक रिश्ते हैं? चाहे अमेरिका की धार्मिक आजादी वाली रिपोर्ट पर भारतीय विदेश मंत्रालय की टिप्पणी हो या यूरोपीय देशों के बारे में विदेश मंत्री की कही गई बात हो, दोनों बातें कूटनीति के बिल्कुल असंगत बैठती हैं। पता नहीं तीन दशक से ज्यादा समय तक विदेश सेवा में रहने के बावजूद विदेश मंत्री क्यों इस बात को नहीं समझ रहे हैं कि कूटनीति की जाती है, कही नहीं जाती है और बहुत ज्यादा बोलना कभी भी कूटनीति का हिस्सा नहीं होता है।(आरएनएस)

यस्त इन्द्र प्रियो जनो ददाशदसन्निरेके अद्रिवः सखा ते।
वयं ते अस्यां सुमतौ चनिष्ठाः स्याम वरूथे अघ्नतो नृपीतौ।।

(ऋग्वेद ७-२०-८)

जो परमात्मा को समर्पित होकर दूसरों के कल्याण के लिए दान करता है वह प्रभु का प्रिय होता है। जो निर्भय होकर दूसरों के कल्याण के कार्य करता है वह प्रभु का मित्र होता है। प्रभु से कल्याणकारी मति प्राप्त करके हम प्रगति, आनंद और शांति से अपने घरों में सुरक्षित रहें।

The one who donates to the welfare of others by being dedicated to God is dear to the Lord. One who fearlessly works for the welfare of others is a friend of the Lord. May we, with divine intelligence, be secure in our houses with progress, joy and peace. (Rig Veda 7-20-8)

# युवती की बातें रिकार्ड करने के मामले में 2 भाईयों के खिलाफ मुकदमा

देहरादून (सं)। युवती की बातों को वाइस रिकोर्डिग करने व धमकाने के मामले में पुलिस ने दो सगे भाईयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भाऊवाला निवासी युवती ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके वह डोलफिन संस्थान की छात्रा है तथा अपने भाई व भाभी के साथ रहती है। उसके माता-पिता सिंगलमण्डी में किशन लाला के यहां किराए पर रहते है। लगभग 1-5 साल पहले किशन के पुत्र अमित से उसकी बातचीत होने लगी थी तथा उसने धोखे से हमारी निजी बातचीत की वाईस रिकार्डिग बना ली। जिसके कारण वो उसको धमकी देता तथा परेशान कर रहा है। निजी बातचीत की रिकोर्डिग को अमित तथा उसका भाई सुमित उसके सगे सम्बंधी तथा रिश्तेदारों को सुना रहा है तथा सार्वजनिक रुप से लाइक तथा शेर करने की धमकी दे रहा है। इस बात का पता जब उसके भाई शुभम को पता चला तो वो सुमित को समझाने तथा ऐसा न करने के लिए बोला लेकिन सुमित नही माना और शुभम के साथ धक्का मुक्की गाली गलौज की और अपने कुछ नशेडी तथा आपराधिक प्रवृत्ति के मित्रो के साथ मिलकर उसके कुसुम विहार स्थित घर के बाहर जमावडा लगाकर उसके भाई के साथ मारपीट करनके के लिए एकत्रि हो गये तथा उसके माता पिता से अभद्रता की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# ट्रक की चपेट में आकर कार सवार घायल

संवाददाता

देहरादून। ट्रक की चपेट में आकर कार सवार घायल हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुभाष नगर निवासी संजय भटट ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह परिवार के साथ हरिद्वार से दून की तरफ आ रहे थे जब वह भानियावाला के पास पहुंचे तभी तेज गति से आ रहे ट्रक ने उनकी कार पर टक्कर मार दी जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गयी तथा कार मे बैठा उसके परिवार के सदस्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सोने की घडी बताकर ठगे 90 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। सोने की घडी बताकर नकली घडी थमाकर 90 हजार रूपये ठगने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चन्द्रबनी खालसा मौहब्बेवाला निवासी इन्द्रपाल ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चार जून को वह बैंक के कार्य से पीएनबी टैगोर विला, चकराता रोड पर आया था। जहाँ बैंक में उसको एक आदमी जो अपने आपको अरोड़ा बता रहा था तथा बैंक मे स्वय की जरुरत कहकर एक 2 घड़ी जिसे सोने की कहकर बेचने की बात उससे करने लगा,तथा बातों बातो में उसको विश्वास मे लेकर सोने की घड़ी कहकर उससे 90 हजार रूपये लेकर चला गया। उस व्यक्ति के द्वारा उससे धोखा घडी करके सोने की घड़ी बताकर 90 हजार रूपये की धनराशी लेकर चला गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# स्थापना दिवस पर शिव सैनिकों ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन




नगर संवाददाता

देहरादून। शिव सेना देहरादून द्वारा शिवसेना की स्थापना के 56 वर्ष पूर्ण होने पर स्थानीय दून मेडिकल कॉलेज में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें शिवसैनिको ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

रक्तदान शिविर से पूर्व शिवसैनिको को प्रदेश प्रमुख गौरव कुमार ने स्थापना दिवस की बधाई दी एंव अपने सम्बोधन में कहा कि 19 जून 1966 को शिव सेना प्रमुख हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे ने शिवसेना की स्थापना मुम्बई के शिवाजी पार्क में कीं थी। उन्होने कहा कि शिवसेना की स्थापना महाराष्ट्र के मजदूर, मजलूमो एंव शोषित वर्ग के उत्थान के लिए की गयी, मुम्बई में लगाया ये बीज आज पूरे देश में एक बड़ा वृक्ष बन गया हैं। आज शिवसेना का नाम समाज सेवा में प्रमुखता से आता हैं। इस मौके पर दून मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर पीयूष सागर एंव सुभाष शर्मा ने सभी शिवसैनिको का आभार व्यक्त किया और कहा की शिव सेना समाज सेवा को एक मिसाल है। रक्तदान शिविर प्रात: 11 बजे से प्रारंभ हुआ, एंव सायं काल तक चला। रक्तदान करने वालों में जिला प्रमुख अमित कर्णवाल, शिवम् गोयल, विकास मल्होत्रा, रोहित बेदी , किशन सिंघल, अभिनव , मनीष गर्ग, गोकुल परविंदा, नितिन शर्मा, हर्षित कुमार,दीपक राय, अभिषेक सहनी, ऋषभ माँगो, अमन आहूजा, कृष्ण कमल, शिवम् मक्कड़ आदी मौजूद रहे।

# देश में हिंसा फैलाने वाले देश के हितेषी नहींः संजय चोपड़ा



नगर संवाददाता

हरिद्वार। आवाज संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा देश में अमन चैन की कामना को लेकर आज संगठन के संयोजक संजय चोपड़ा के नेतृत्व में बिरला घाट पर माँ गंगा की विशेष पूजा- अर्चना के साथ सार्वजनिक तौर पर शांति पाठ किया गया।

इस अवसर पर आवाज संगठन के संयोजक संजय चोपड़ा ने कहा देश में अमन चैन, भाईचारा कायम रहना चाहिए जो लोग देश की संपत्ति का नुकसान कर रहे हैं और जगह-जगह हिंसा फैला कर माहौल बिगाड़ने का काम कर रहे हैं वह देश के हितेषी नहीं हो सकते। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अग्निपथ योजना की बारिकी जानकारियों के लिए क्षेत्रीय स्थानीय प्रशासन के निर्देश क्रम में सामाजिक संगठनों को साथ लेकर युवाओं में योजना को लेकर फैली भ्रांति को दूर करने के लिए महा अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा हमारी माँ गंगा से कामना है विपक्षी दलों को सद्बुद्धि दें ताकि युवाओं को बरगला कर गुमराह करने का प्रयास कर रहे उनके मंसूबे विफल हो। उन्होंने कहा कि अग्निपथ योजना को बिना जाने समझे विरोध करना न्याय पूर्ण नहीं है, विपक्ष की इस हरकत की वह घोर नींदा करते है।

देश में अमन चैन कायम रहे शांति की प्रार्थना करते आवाज संगठनों के प्रतिनिधियों में पंडित मनीष शर्मा, ओमप्रकाश भाटिया, देवेंद्र गुप्ता, रमेश रावत, सूरज शर्मा, मोहित राणा, बलवीर नेगी, जय सिंह बिष्ट, हरिओम अरोड़ा, धीरज शर्मा, रवि कुमार, बबली कोरी, अर्जुन सिंह सजवान, वीरेंद्र कुमार आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# केन्द्रीय मंत्री ने ग्राम्य विकास योजनाओं के लिए पूरे सहयोग का दिया आश्वासनः जोशी

संवाददाता

देहरादून। ग्राम्य विकास एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा राज्य को हर संभव सहयोग का वादा किया गया कि मोदी सरकार जैसे देवभूमि की शान कहे जाने वाले केदारनाथ धाम का कायकल्प कर रही है उसी तरह पूरे उत्तराखण्ड को संवारने के लिए प्रतिबद्ध है।

आज यहां प्रदेश के ग्राम्य विकास एवं कृषि मंत्री गणेश जोशी द्वारा केन्द्रीय ग्राम्य विकास एवं पंचायती राजमंत्री गिरिराज सिंह के सम्मान में अपने शिविर कार्यालय में स्वागत का अयोजन किया। इस दौरान क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता तथा देहरादून जनपद के समस्त विधायगणों को भी आमंत्रित किया गया। इस दौरान मंत्री जोशी द्वारा राज्य के लिए 15000 पक्के आवास आवंटन संबंधी मांग पत्र भी केन्द्रीय ग्राम्य विकास मंत्री को सौंपा। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा विधानसभा चुनाव में जारी किए गए दृष्टिपत्र में ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध करवाने का वादा किया गया है। इस क्रम में राज्य की आवास प्लस सूची में चिन्हित



अवशेष 46,677 परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से लाभान्वित किए जाने हेतु उत्तराखण्ड राज्य को वित्तीय वर्ष 2022-23 हेतु कम से कम 15000 आवास निर्माण का लक्ष्य प्रदान किया जाए। इस पर केन्द्रीय मंत्री द्वारा राज्य को हर संभव सहयोग का वादा किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जैसे देवभूमि की शान कहे जाने वाले केदारनाथ धाम का कायकल्प कर रही है उसी तरह पूरे उत्तराखण्ड को संवारने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रितु खण्डूरी, धर्मपुर विधायक विनोद चमोली, डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला, राजपुर विधायक खजान दास, रायपुर विधायक उमेश शर्मा काऊ, कैंट विधायक सविता कपूर, मेयर सुनिल उनियाल गामा, जिलाध्यक्ष शमशेर पुण्डीर, जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, मण्डल अध्यक्ष पूनम नौटियाल, मंजीत रावत, सुरेन्द्र राणा, पार्षद भुपेन्द्र कठैत, सत्येन्द्र नाथ, चुन्नी लाल, संजय नौटियाल, नंदनी शर्मा, योगेश घाघट, कमल थापा, निरंजन डोभाल, अनिल गोयल, पुनीत मित्तल, विनय गोयल आदि उपस्थित रहे।

## गाय के मरने पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। कार से टक्कर मारकर गाय की मृत्यु कारित करने पर पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसपीसीए सदस्या रूबीना नितिन ने डोईवाला कोतवाली मे मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि एक स्वीफ्ट कार चालक द्वारा गाय को टक्कर मार दी तथा मौके से फरार हो गया। दुघर्टना में घायल गाय की मौत हो गयी। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## चरस व गांजे के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने भारी मात्रा में चरस व गांजे के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान शिवनगर बस्ती की ओर जाने वाले रास्ते पर एक एक्टिवा सवार को रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह एक्टिवा वापस घुमाकर भाग खडा हुआ। पुलिस ने पीछा कर उसको थोडी दूरी पर ही दबोच लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके कब्जे से तीन किलो गांजा बरामद कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रोशन साहनी पुत्र सुशील साहनी निवासी बिन्दाल बस्ती बताया। वहीं सहसपुर थाना पुलिस ने हिन्दू वाला पुल के पास से एक व्यक्ति को तीन किलो 10 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम मुर्करम पुत्र अनवर निवासी खुशहालपुर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# बेरीनाग में अग्निपथ को लेकर युवा उतरे सडकों पर

कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। अग्निपथ को लेकर बेरीनाग क्षेत्र में भी युवाओं का आक्रोश सैकडों पर उतर गया। बेरीनाग के विभिन्न क्षेत्रों से आये युवाओं ने महाविद्यालय में एकत्र हुए। जहां से बाजार और तहसील कार्यालय तक जुलूस निकाला।

युवाओं के द्वारा पहले से विरोध को देखते हुए थानाध्यक्ष हेम चन्द्र तिवारी के नेतृत्व में नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात था। जवाहर चौक के पास थानाध्यक्ष हेम चन्द्र तिवारी ने युवाओं को समझाने का प्रयास किया और बिना अनुमति के जुलूस नही निकालने और विरोध प्रदर्शन नही करने को कहा इस दौरान पुलिस कर्मियों से युवाओं की बहस भी हुई। थानाध्यक्ष के समझाने के बाद युवाओं ने शांतिपूर्ण ढंग से तहसील कार्यालय तक जाने देने की बात रखी। सैकड़ों की तादाद में युवाओं ने बाजार में भारी बारिश में मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की भाजपा के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और



सरकार से टीओडी वापस लेने की मांग की । युवाओं का कहना है कि वे कई सालों से सेना भर्ती की तैयारी कर रहे हैं ऐसे में सरकार ने पुरानी भर्ती को रद्द कर अग्निपथ योजना शुरू की है, जो युवाओं के साथ सरासर अन्याय और धोखा है। युवाओं ने जल्दी ही टीओडी योजना वापस नहीं लेने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार युवाओं के खिलाफ काम करेगी और उन्हें धोखा देगी दोगे तो वे पूरे देश भर गांव गांव में उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।पूर्व हुई भर्ती की लिखित परीक्षा कराने और अग्निपथ को वापस लेने की मांग की।

एसडीएम अनिल कुमार शुक्ला के माध्यम राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।टीओडी को निरस्त करने और दो वर्ष पूर्व में हुई भर्ती की लिखित परीक्षा कराने की मांग की। जुलूस के दौरान युवाओं में सेना भर्ती के की गयी तैयारी उसके बाद लिखित परीक्षा नही करने पर बहुत अधिक आक्रोश देखा गया। युवाओं ने सेना के नाम युवाओं और देश के साथ मोदी सरकार के द्वारा खिलवाड़ करने का आरोप लगाया कहा की अग्निपथ के नाम युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है।

इस मौके पर थानाध्यक्ष हेम चन्द्र तिवारी,थानाध्यक्ष गंगोलीहाट मदन बिष्ट, एसआई दिनेश बिष्ट, स्थानीय अभिसूचना एसआई नवीन तोमर. उपेन्द्र मेहता सहित बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद थे।

# हाई हील्स फुटवियर्स का ऐसे रखें ध्यान, लंबे समय तक रहेंगे ठीक

हाई हील्स फुटवियर्स पिछले कुछ सालों से काफी ट्रेंड में हैं क्योंकि लगभग हर आउटफिट के साथ ये अच्छे लगते हैं। यही कारण है कि आम महिलाओं से लेकर बॉलीवुड अभिनेत्रियां तक हाई हील्स फुटवियर्स पहनना काफी पसंद करती हैं। अगर आप भी हाई हील्स फुटवियर्स पहनना पसंद करती हैं तो आपको उनका सही तरह से ख्याल रखना भी आना चाहिए। चलिए फिर जानते हैं हाई हील्स फुटवियर्स की शेल्फ लाइफ को मेंटेन करने के कुछ आसान और प्रभावी तरीके।

हाई हील्स फुटवियर्स की साफ-सफाई पर ध्यान न दिया जाए तो इससे उनकी शेल्फ लाइफ को प्रभावित होती है। अगर आप पास चमड़े वाले हाई हील्स फुटवियर्स हैं तो उन्हें समय-समय पर मुलायम कपड़े और पॉलिश से साफ करें। वहीं, स्वेड हाई हील्स फिटवियर्स से सूखी गंदगी और दाग को दूर करने के लिए एक स्वेड इरेजर का उपयोग करें। अन्य हाई हील्स फुटवियर्स को साफ करने के लिए साबुन का पानी इस्तेमाल करें, फिर इन्हें साफ पानी से धोएं।

अगर आपको गाड़ी चलानी है तो इस दौरान हाई हील्स फुटवियर्स पहनने की गलती न करें। दरअसल, जब आप हाई हील्स फुटवियर्स पहनकर ड्राइव करती हैं और पैडल दबाती हैं तो यह आपके फुटवियर्स पर बहुत दबाव डालता है, जिसके परिणामस्वरूप उनके टूटने की संभावना बढ़ जाती है। बेहतर होगा कि आप गाड़ी ड्राइव करने से पहले स्नीकर्स या कोई अन्य आरामदायक फ्लैट पहनें।

जब भी आप कोई हाई हील्स फुटवियर्स पहनें तो उसके बाद अपनी चाल को एकदम आरामदायक बनाए रखें। इससे हमारा मतलब है कि अगर आप हाई हील्स फुटवियर्स पहनकर ढंग से नहीं चलते हैं तो इस कारण न सिर्फ आपके फुटवियर्स को नुकसान पहुंचेगा बल्कि आपके कुल्हे और पीठ में भी दर्द होने लगेगा। बेहतर होगा कि आप कोई हाई हील्स फुटवियर्स को पहनने के बाद उन पर अधिक दबाव न डालें बल्कि हल्के से चलें।

हाई हील्स फुटवियर्स की शेल्फ लाइफ को प्रभावित होने से बचाने के लिए उन्हें ठीक से स्टोर करना महत्वपूर्ण हैं। इसलिए जब भी आप हाई हील्स फुटवियर्स को उतारकर स्टोर करने वाली हों तो उससे पहले उन्हें अच्छे से साफ करें। वहीं, अभी मानसून आने वाला है तो अपने हाई हील्स फुटवियर्स को किसी सूखी जगह पर स्टोर करके रखें और उनमें अखबार या टिशू पेपर के टुकड़ों को डाल दें ताकि वे नमी की चपेट में न आएं।

# कई तरह के होते हैं फेस पाउडर, जानिए आपको कौन सा चुनना चाहिए

फेस पाउडर एक तरह का मेकअप प्रोडक्ट है, जिसका इस्तेमाल मेकअप को सेट करने के लिए किया जाता है। इसके अतिरिक्त, इसकी मदद से मुंहासों और महीन रेखाओं को भी छिपाने में मदद मिलती है। वैसे बाजार में पांच तरह के फेस पाउडर मौजूद हैं और अगर आपको नहीं पता कि इनमें से कौन-सा आपकी त्वचा के लिए बेहतरीन हैं तो परेशान न होइए। आइए जानते हैं कि किस तरह का फेस पाउडर आपकी त्वचा के लिए बेहतरीन है।

लूज पाउडर : लूज पाउडर आमतौर पर एक छोटे कंटेनर में आते हैं, जो हल्का कवरेज और प्राकृतिक फिनिश लुक देता है और आपके मेकअप को लंबे समय तक बरकरार रखने में मदद करता है। यह अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करने में मदद करता है और मेकअप को मैट और फ्रेश लुक देता है। अगर आपकी त्वचा तैलीय या फिर मिश्रित प्रकार की है तो आपके लिए लूज पाउडर का इस्तेमाल करना अच्छा है।

प्रेस्ड पाउडर : प्रेस्ड पाउडर आसानी से इस्तेमाल करने के लिए एक नरम स्पंज के साथ कॉम्पैक्ट के रूप में आते हैं। यह पाउडर लूज पाउडर की तुलना में अधिक पिगमेंटेड होते हैं। इनमें आमतौर पर मोम और सिलिकॉन जैसे तत्व मौजूद होते हैं, जो एक थोड़े ठोस रूप में बदल जाते हैं। प्रेस्ड पाउडर अच्छा कवरेज प्रदान करते हैं और बिना मेकअप बेस के भी आप इसका इस्तेमाल अपने चेहरे पर कर सकते हैं।

बनाना पाउडर :


बनाना पाउडर मेकअप की दुनिया में नया है। यह एक पीले रंग का टोंड पाउडर है, जो अल्ट्रा-फाइन स्थिरता में आता है। यह आपके कंसीलर को सेट करने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त, यह त्वचा पर आई किसी भी तरह की लालिमा को ठीक करता है। यह उन लोगों के लिए एकदम सही है, जिनके चेहरे पर दाग-धब्बे और काले घेरे हैं। यह त्वचा को एक अच्छी हाइलाइटिंग बनावट देगा और मेकअप को भी लंबे समय तक बनाए रखेगा। (आरएनएस)

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# गर्दन की झुर्रियां और ढीली त्वचा से पा सकते हैं राहत !



लडकियां हो या लड़के सभी अपने चेहरे पर ध्यान देते हैं क्योंकि चेहरा लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचता है। हालाँकि इस दौरान गर्दन की झुर्रियां और ढीली त्वचा यह दिखाने लगती है कि आपकी उम्र बढ़ रही है और आप बूढ़े हो रहे हैं। जी दरअसल गर्दन शरीर के सबसे उपेक्षित हिस्सों में से एक है। हम चेहरे पर बहुत ध्यान देते हैं, लेकिन गर्दन पर नहीं, जिससे झुर्रियां और ढीली त्वचा एक आम समस्या हो जाती है। अब आज हम आपको बताने जा रहे हैं उन नुस्खों के बारे में जिससे आप गर्दन की झुर्रियां और ढीली त्वचा से राहत पा सकते हैं।

गर्दन की मालिश बहुत जरूरी है

एक उम्र के बाद आपकी गर्दन अलग-अलग उम्र की दिखने लगती है। ऐसे में गर्दन पर झुर्रियां आने लगती हैं और गर्दन पर जो रेखाएं हुआ करती थीं, वे उम्र के साथ गहरी होने लगती है। ऐसे में गर्दन की मालिश बहुत जरूरी हो जाती है। आपको रोजाना सोने से पहले मालिश करना चाहिए।

गर्दन पर मास्क अवश्य लगाएं

जब भी आप फेस मास्क लगाएं तो आपको नेक मास्क जरूर लगाना चाहिए। जी दरअसल आप हर मास्क को अपने चेहरे पर अपनी गर्दन पर लगा सकते हैं। हालाँकि सावधान रहें कि उस क्षेत्र पर कोई भी मास्क न लगाएं जो सूखने के बाद बहुत खुरदरा हो जाए। या यहां पील-ऑफ लगाएं क्योंकि यह यहां की त्वचा को भी खींचेगा।

सनस्क्रीन लगाना न भूलें

जी दरअसल यह त्रुटि सबसे अधिक की जाती है। जी दरअसल कई महिलाएं अपने चेहरे पर सनस्क्रीन तो लगाती हैं, लेकिन इसे गर्दन पर बिल्कुल भी नहीं लगाती हैं, जिससे चेहरे के नीचे का गर्दन का हिस्सा काला दिखने लगता है। वहीं धूप के संपर्क में आने से बचने के लिए सनस्क्रीन लगाना बहुत जरूरी है।



नेक एक्सफोलिएशन के लिए करें ये काम

अगर आपकी गर्दन बहुत काली दिखने लगी है, तो इसे एक्सफोलिएट करने की जरूरत है। गर्दन के लिए दही, थोडा चने का आटा और एक चुटकी हल्दी का प्रयोग करें। इसे नहाने से पहले लगाना सबसे अच्छा होता है।

गर्दन पर झुर्रियां- गर्दन की त्वचा बहुत संवेदनशील होती है और इसलिए अगर आपको सनबर्न है तो आपको इसे बहुत जल्दी ठीक करने की जरूरत है। जी हाँ और इसके लिए गर्दन को रोजाना ठंडे दूध से साफ करना चाहिए। ऐसा करने से आपकी गर्दन अच्छी लगती है और इसी के साथ ही हफ्ते में दो-तीन बार तिल के तेल से मालिश करने से गर्दन अच्छी रहती है।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | | | प | यो | द | |
| न | | ह | क | दा | र | | ल | य |
| ह | वा | ला | त | | च | | द | म |
| गा | | | रा | ज | म | ह | ल | |
| र | ई | स | | ग | | स | | अ |
| | मा | | प | त | वा | र | | ल |
| ख | न | क | ना | | ह | त | | बे |
| स | दा | | ह | | वा | | शो | ला |
| रा | र | | | | ही | र | क | |

# नई वेब सीरीज ताजा खबर में लीड रोल में दिखेंगे भुवन बाम

मशहूर डिजिटल कंटेंट निर्माता और अभिनेता भुवन बाम आगामी कॉमेडी ड्रामा सीरीज ताजा खबर में नायक की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। हिमांक गौर द्वारा निर्देशित यह शो हॉटस्टार स्पेशल है, और इस समय प्रोडक्शन में है। भुवन बाम ने कहा, मैं आभारी हूं कि मुझे ताजा खबर में अपने चरित्र के साथ इच्छाधारी सोच के लिए एक पूरी तरह से नया पक्ष तलाशने का मौका मिला।

इस किरदार और उसकी हरकतों के लिए तैयारी करना एक विनम्र अनुभव रहा है। जैसे ही हम शूटिंग शुरू कर रहे हैं, मुझे विश्वास है कि इस किरदार को इमोशनल करना मजेदार होगा, मैं पहले से ही इस किरदार से बहुत संबंधित हूंनिर्देशक हिमांक गौर ने कहा, चमत्कारिक शक्तियां प्राप्त करना एक ऐसी इच्छा है जो हर इंसान को जब भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ताजा खबर के साथ हम इच्छाधारी सोच के विचार पर फिर से विचार करते हैंशो को शक्तिशाली लेखक जोड़ी हुसैन और अब्बास दलाल ने लिखा है।

एक स्वच्छता कार्यकर्ता के जीवन पर आधारित, श्रृंखला हल्के-फुल्के ढंग से वर्ग-आधारित गरीबी और बेहतर जीवन जीने की मानवीय इच्छा को दर्शाती है। शो का निर्माण रोहित राज ने किया है, जिन्होंने कहा, ताजा खबर एक बिल्कुल नई शैली में उतर रही है और एक टीम के रूप में हम हमेशा एक नई जगह में जाने के लिए उत्साहित हैं। स्क्रिप्ट बहुत ही रोमांचक है और मैं एक ऐसा शो पेश करने के लिए उत्सुक हूं, जिसे सभी देख सकें और इसका आनंद उठा सकेंशो में श्रिया पिलगांवकर, जेडी चक्रवर्ती, देवेन भोजानी, प्रथमेश परब, नित्या माथुर, शिल्पा शुक्ला और मिथिलेश चतुर्वेदी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

# गोल्डन बिकिनी पहनकर नम्रता मल्ला ने कराया फोटोशूट, अदाएं देख फैंस हुए बेकाबू

नम्रता मल्ला भोजपुरी इंडस्ट्री की सबसे स्टाइलिश और ग्लैमरस एक्ट्रेस में से हैं। जो हमेशा ही अपने लुक्स के साथ एक्सपेरिमेंट करती नजर आती हैं। नम्रता मल्ला फैंस के सामने नई फोटोज और वीडियोज लेकर हाजिर हो जाती हैं। अब एक्ट्रेस का सोशल मीडिया पर बिकिनी लुक वायरल हो रहा है।

तस्वीरों में नम्रता गोल्डन कलर की बिकिनी पर इंडियन ज्वैलरी पहने दिख रही हैं। बिकिनी पर भोजपुरी एक्ट्रेस ने कानों में झुमके, नाक में नथ और मांग टीका पहना हुआ है।

फोटोज में नम्रता मल्ला को अलग-अलग स्टाइलिश पोज देते हुए भी देखा जा सकता है। एक्ट्रेस का ऐसा कातिलाना अंदाज देख कर बाकी लोगों के दिल जरूर बेकाबू हो रहे हैं।

लुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस ने लाइट मेकअप किया है और बालों को बांधा हुआ है। लोगों के लिए उनकी अदाओं से नजरें हटाना मुश्किल हो रहा है।

नम्रता ने इस बार हॉटनेस के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। अब उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैंफैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

आपको बता दें कि नम्रता अपने प्रोजेक्ट्स से ज्यादा बोल्ड लुक्स के कारण चर्चा में रहती हैं। उन्होंने पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर तहलका मचाया हुआ है। ऐसे में देखते ही देखते आज वह सोशल मीडिया सेंसेशन बन चुकी हैं।

# बोमन ईरानी के साथ फिल्म 'मासूम' में काम कर उत्साहित हैं समारा तिजोरी

दीपक तिजोरी की बेटी समारा तिजोरी फिल्म 'मासूम' में बोमन ईरानी के साथ काम कर बेहद उत्साहित हैं। समारा तिजोरी ने अभिषेक बच्चन के साथ बॉब बिस्वास में काम किया था। समारा अब बोमन ईरानी के साथ डिज्नी+हॉटस्टार की फिल्म 'मासूम' में काम करती हुई नजर आएंगी। समारा इस बात से बेहद खुश हैं कि उन्हें बोमन ईरानी के साथ काम करने का मौका मिला।

समारा तिजोरी ने कहा, 'बोमन सर के साथ काम करने का मेरा अनुभव ईमानदारी से सबसे अच्छा था। मैं बहुत उत्साहित थी जब मुझे पता चला कि वह मेरे पिता की भूमिका निभा रहे है और मैं वास्तव में उत्साहित थी क्योंकि मुझे पता था कि वह अपने आप में स्कूल है। मैं एक किरदार निभाने के लिए नर्वस थी क्योंकि मुझे नहीं पता था कि मैं इसके साथ न्याय कर सकती हूं।'

उन्होंने कहा, 'मैं आश्वस्त होने की कोशिश कर रही थी, लेकिन काम करते हुए और शूटिंग के दौरान, मुझे लगता है कि बोमन सर ने मुझे अपने किरदार में बहुत सी चीजें जोड़ने में मदद की और एक निश्चित बिंदु के बाद जब हमने शूटिंग की तो सब कुछ बहुत वास्तविक था। वह इतने वास्तविक और ईमानदार थे, मुझे लगता है कि यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा अनुभव है और मैंने उनके साथ जो रिश्ता बनाया है, मुझे नहीं लगता कि मैं उसे कभी छोड़ सकती हूं।'

फिल्म मासूम में समारा तिजोरी और बोमन ईरानी के अलावा उपासना सिंह, मंजरी फडनिस, सारिका सिंह सहित कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 17 जून 2022 को ओटीटी प्लेटफॉर्म डिज्नी +हॉटस्टार पर रिलीज हुई।(आरएनएस)

# रवीना टंडन ने फिल्म यस पापा को दी अपनी आवाज



पेटा से लेकर यूनिसेफ तक, रवीना टंडन हमेशा परोपकारी कार्यों में शामिल रही हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने वाली फिल्म मातृ में नजर आने वाली अभिनेत्री सामाजिक मुद्दों के बारे में भी बेबाक रही हैं। बालिकाओं के साथ दुर्व्यवहार पर आधारित, एक ऐसा अपराध जो हमारे समाज में मौजूद है और जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है क्योंकि बहुत कम लोग शिकायत दर्ज कराने या अपराधियों के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई करने का साहस जुटा पाते हैं।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री रवीना टंडन को लगता है, बिना सनसनीखेज हुए, सैफ दृढ़ता से अपनी बात रखते हैं जिससे हमारे समाज में जागरूकता पैदा होगी। सैफ के यस पापा हमारे समाज में बच्चों की सुरक्षा की बात करते हैं, जो हमारा लोकतांत्रिक और मौलिक अधिकार है। नाटककार और थिएटर निर्देशक से फिल्म निर्माता बने सैफ हैदर इस कहानी को एक अलग तरीके से बताना चाहते थे।

मुझे यकीन था कि पारंपरिक कहानी कहने से न्याय नहीं होगा, इसलिए मैंने एक ऐसी दुनिया बनाई जो मेरे दर्शकों को परेशान करेगी और वे अंतर्धारा महसूस करेंगे, श्रद्धा कपूर, जैकी श्रॉफ, सोनाली कुलकर्णी और जीनत अमान, जैसे कलाकार तथा निर्देशक आकाश खुराना, अभिषेक चौबे और भरत दाभोलकर जैसे दिग्गजों ने भी सैफ की फिल्म को सपोर्ट किया।

इस फीचर फिल्म में अनंत नारायण महादेवन, गीतिका त्यागी, तेजस्विनी कोल्हापुरे और नंदिता पुरी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। दूसरी ओर, यह ज्ञात तथ्य है कि मातृ के अलावा, रवीना टंडन कई फिल्मों का हिस्सा रही हैं जो दमन (घरेलू हिंसा पर), सट्टा (राजनीति पर) जैसे समाज की वास्तविकता को दर्शाती हैं। यह कहते हुए कि फिल्में समाज का प्रतिबिंब हैं, उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अन्य कला की तरह, फिल्मों के लिए भी, फिल्म का प्रकार और समाज का प्रकार भी मायने रखता है।

# पाप का नाश करने आ रहें है 'गुरु' !

ब्रह्मास्त्र के निर्माता अपने प्रशंसकों को उत्साहित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। बहुप्रतीक्षित फिल्म ब्रह्मास्त्र का एक टीज़र जारी करके प्रशंसकों की रुचि बढ़ाने के बाद, निर्माताओं ने आखिरकार आलिया भट्ट - रणबीर कपूर की फिल्म से अमिताभ बच्चन का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया है। जिसे देखकर फैंस बोल रहे हैं पाप का नाश करने आ रहे है 'गुरु'

इंस्टाग्राम के जरिए, निर्देशक अयान मुखर्जी ने महान अभिनेता को ब्रह्मास्त्र का हिस्सा बनने और हमारे गुरु को अपनी सुंदर ऊर्जा देने के लिए धन्यवाद दिया। अयान ने बिग बी को भारतीय सिनेमा का महानतम कहा। अयान मुखर्जी ने आगे लिखा है, मेरी पहली बार अमिताभ बच्चन से मुलाकात 2016 में हुई थी, तब हम ब्रह्मास्त्र को लेकर चर्चा कर रहे थेद्य उन्होंने मुझसे कहा कि वह प्राचीन भारतीय अस्त्र को लेकर हमेशा से उत्सुक और प्रभावित रहे हैं

अयान मुखर्जी आगे कहते है, इंडियन स्पिरिचुअलिटी और मॉडर्न इंडिया का यह संगम उन्हें काफी पसंद आया और मेरे सौभाग्य के कारण उन्होंने फिल्म ब्रह्मास्त्र में काम करना स्वीकार कियाद्य उन्होंने इसके साथ फिल्म का भाग्य भी बदल दियाद्य उन्होंने गुरु की भूमिका के लिए काफी कड़ी मेहनत की हैद्य आज मेरे मन में उनके प्रति काफी श्रद्धा और उत्साह हैद्य आज हम गुरु का पोस्टर जारी कर रहे हैंद्य इसके साथ उन्होंने संस्कृत का श्लोक गुरुर्साक्षात परब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नम: लिखा हैद्य

आपको बता दें फिल्म का ट्रेलर 15 जून को रिलीज हो रहे है जिसमें गुरु के और भी रूप देखने को मिलेंगेद्य अयान मुखर्जी के ट्रेलर को 13000 से ज्यादा लाइक मिल चुके हैंद्य वहीं इस पर 68 से ज्यादा कमेंट किए गए हैंद्य कई लोगों ने वाओ, हर हर महादेव, बच्चन और ब्रह्मास्त्र जैसे कमेंट किए हैंद्य इसके बीच यह फ़िल्म 9 सितंबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म में आलिया, रणबीर और अमिताभ के अलावा मौनी रॉय और नागार्जुन भी हैं।(आरएनएस)

# 'भाईजान' में हुई पलक तिवारी की एंट्री



सलमान खान की फिल्म 'भाईजान' बीते कुछ दिनों से हो रहे बदलावों के कारण सुर्खियों में हैकुछ दिन पहले ही फिल्म का नाम 'कभी ईद कभी दीवाली' से बदलकर 'भाईजान' किया गया है। इसके अलावा फिल्म की कास्ट में लगातार बदलाव हो रहे हैंअब खबर है कि इस फिल्म में पलक तिवारी को लिया गया हैबता दें कि पलक चर्चित टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी की बेटी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार सलमान ने खुद 'भाईजान' के लिए पलक को चुना हैइस फिल्म में पलक गायक-अभिनेता जस्सी गिल के ऑपोजिट नजर आएंगी। इससे पहले चर्चा थी कि जस्सी के ऑपोजिट शहनाज गिल काम कर रही हैं।'बिग बॉस' से लोकप्रिय हुईं शहनाज इस फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रही हैंहालांकि, फिल्म में बार-बार हो रहे बदलावों के कारण चर्चा थी कि शहनाज इस पर दोबारा विचार कर सकती हैं।

पलक टीवी अभिनेत्री श्वेता तिवारी और उनके पहले पति राजा चौधरी की बेटी हैं। पलक ने पर्दे पर अपना डेब्यू नहीं किया है, लेकिन सोशल मीडिया पर वह सुर्खियों में रहती हैं। एक बार नेपोटिज्म के सवाल पर पलक ने कहा था कि स्टारकिड्स का हक बनता है। उनकी इस बात पर काफी बवाल हुआ था। पलक एक हॉरर फिल्म 'रोजी: द सैफरन चैप्टर' साइन कर चुकी हैं। अब देखना यह है कि उनकी डेब्यू फिल्म कौन सी होती है।

फिल्म में सलमान के साथ जस्सी और लोकप्रिय टीवी अभिनेता सिद्धार्थ निगम काम कर रहे हैं। सिद्धार्थ की भी फिल्म में हाल ही में एंट्री हुई हैइससे पहले फिल्म में अभिनेता आयुष शर्मा और जहीर इकबाल काम कर रहे थे। बाद में दोनों ही फिल्म से अलग हो गएबता दें कि सबसे पहले यह फिल्म सलमान के साथ श्रेयस तलपड़े और अरशद वारसी को लेकर शुरू हुई थी। तब से फिल्म की कास्ट में कई बदलाव हुए।

यह फिल्म तीन भाइयों की कहानी है, जिसमें जस्सी और सिद्धार्थ सलमान के भाइयों की भूमिका में रहेंगेयह एक ऐसे परिवार की कहानी है जिसमें ईद और दीवाली दोनों मनाए जाते हैं। चर्चा है कि फिल्म का प्लॉट सलमान के परिवार के इर्द-गिर्द है।'भाईजान' में साउथ स्टार वेंकटेश भी हैं। फिल्म में सलमान और अभिनेत्री पूजा हेगड़े रोमांस करते नजर आएंगेफिल्म का निर्देशन फरहाद सामजी कर रहे हैं।

# भाजपा के हर कार्यकर्ता को मिलेगा सम्मानः चुफाल




कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग । भारतीय जनता पार्टी जनपद पिथौरागढ़ की कार्यसमिति की बैठक बेरीनाग विकास खंड सभागार में संपन्न हुई। जिला कार्यसमिति में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बिशन सिंह चुफाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता भारतवर्ष को परम वैभव तक पहुंचाने का संकल्प लेता है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है इसीलिए यह संभव हुआ है कि चाय बेचने वाला का बेटा आज देश का प्रधानमंत्री है जब जब देश में गरीब परिवार से जुड़ा व्यक्ति प्रधानमंत्री बना है तब तब गरीब कल्याण की अनेकों योजनाओं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही है आज देश में गरीब कल्याण की अनेक योजनाओं से गरीबों का जीवन स्तर ऊपर उठ रहा है आज गरीब को लिए रहने के लिए मकान गरीब कल्याण योजना से खाद्यान्न सामग्री एवं स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय सौभाग्य योजना के तहत विद्युत के कनेक्शन एवं उज्जवला योजना के तहत निशुल्क गैस कनेक्शन और वर्तमान समय में राज्य सरकार ने गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों के लिए वर्ष भर में तीन गैस सिलेंडर मुफ्त देने की घोषणा की है वहीं दूसरी ओर ६० वर्ष से अधिक के पति पत्नी को बिधवा पेंशन किसानों के लिए किसान सम्मान निधि आदि अनेकों कल्याणकारी योजनाएं गरीब कल्याण की ही है इतना ही नहीं आज देश की सीमाएं सुरक्षित हैं विश्व में भारत का नाम हुआ है देश की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है जिस प्रकार से देश में चारों ओर सड़कों का निर्माण रेलवे कनेक्टिविटी विद्युत परियोजनाओं का निर्माण एवं दूरसंचार के क्षेत्र में बहु प्रत्याशित कार्य हुए हैं यह सभी कार्य यह दिखाता है कि जनता के प्रति संवेदनशील सरकार है ही इस प्रकार का कार्य कर सकती हैं इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी कैलाश शर्मा ने २१ जून को योग दिवस के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर योग योग दिवस मनाएंगे। वही २३जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का स्मृति दिवस एवं ६ जुलाई को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को धूमधाम से मनाएंगे २५ जून को आपातकाल दिवस को काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा साथ ही जनपद के सभी मंडलों में मंडल कार्यसमिति बैठक कराई जाएंगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा ने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं आम जन तक पहुंचाये। अधिक से अधिक लोगों को भाजपा से जोड़ने की अपील की। इस अवसर पर बैठक में जिला के सहप्रभारी गणेश ठुकराठी, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र बल्दिया, पूर्व विधायक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मीना गंगोला, पूर्व दर्जा मंत्री केदार जोशी, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा, उपाध्यक्ष कोमल मेहता, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मनोज सामंत, ब्लाक प्रमुख विनीता बाफिला, अर्चना गंगोला, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष शुभम चंद, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र रावत, नगर मंडल अध्यक्ष दीपक धानिक , मंडल अध्यक्ष धीरज बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष जयश्री पाठक, भगवती महरा, नंदन बाफिला,दीवाकर रावल, महेश पंत. लाल सिंह कोरंगा, हरीश कोंरगा , नरेंद्र रौतेला ,दीपक कार्की ,ज्योति जोशी, जौहर खान, मोहित मेहरा, चारू पंत, इन्द्र धानिक सहित आदि मौजूद थे। । कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री बीएल जोशी और महिमन कन्याल के द्वारा किया गया।इससे पूर्व भाजपा के नगर मंडल अध्यक्ष दीपक धानिक को सम्मानित किया गया।

## घर में घुसकर मारपीट में दो नामजद

देहरादून (सं)। पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जमनपुर निवासी खतीब ने सहसपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पडोस में रहने वाले फरमान व उमर चौधरी उसके घर में घुस आये और उसके साथ गाली गलौच करने लगे उसने जब उनका विरोध किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर उसको घायल कर दिया। उसकी चीख पुकार सुनकर जब आसपास के लोग वहां पर पहुंचे तो दोनों उसको जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कांस्य पदक विजेता ने की विधानसभा अध्यक्ष से भेंट

देहरादून (सं)। इटली से भाला फेंक में रजत और डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीतकर आयी गरिमा जोशी ने विधानसभा अध्यक्ष से भेंट की।

आज यहां इटली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में रजत और कांस्य पदक जीतने वाली द्वाराहाट की बेटी गरिमा जोशी ने उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण से देहरादून में यमुना कॉलोनी स्थित उनके शासकीय आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने गरिमा जोशी को शाल ओढ़ाकर एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



मई माह में इटली में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स प्रतियोगिता के भाला फेंक में गरिमा ने रजत और डिस्कस थ्रो में कांस्य पदक जीता था। इटली में पदक जीतने के बाद गरिमा ने एशियाई खेलों के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है। द्वाराहाट के छतगुल्ला की रहने वाली धाविका गरिमा कुछ साल पहले एक दुर्घटना में घायल हो गई थीं। अब वे व्हील चेयर के सहारे तमाम प्रतियोगिताओं में भाग लेती हैं। गरिमा उत्तराखंड से एकमात्र एथलीट थीं जिनका इटली ग्रांड प्रिक्स के लिए चयन हुआ था। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने गरिमा जोशी के जज्बे की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड की बेटी युवा खिलाड़ियों के लिए एक प्रेरणा स्रोत है उन्होंने कहा कि गरिमा जोशी ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रांड प्रिक्स में रजत और कांस्य पदक जीत कर उत्तराखंड का नाम रोशन किया हैद्य इस अवसर पर गरिमा जोशी के पिता एवं कोच भी मौजूद थे।

# सहकारी समिति के घोटाले बाजों को सरकार जेल भेजें: धीरेंद्र प्रताप

देहरादून (सं)। उत्तराखण्ड कांग्रेस के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता धीरेन्द्र प्रताप ने कहा कि सहकारी समितियों में हुए घोटाले के आरोपियों का सरकार तत्काल जेल भेजे। आज यहां एक बयान जारी करते हुए उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने सहकारी समितियों में 30 लाख से अधिक का घोटाला करने वाले आरोपियों को तत्काल जेल भेजने की मांग की है। उन्होंने इनमें से कुछ लोगों को निलंबित किए जाने की कार्यवाही को ढकोसला बताया और कहा कि आमतौर पर यह पाया जाता है जो लोग निलंबित होते हैं वह कई वर्षों तक आधा वेतन लेते रहते हैं और बाद में रुपया देकर छूट जाते हैं और साथ ही अपनी पुरानी तनख्वाह भी उन्हें मिल जाती है और साथ ही निलंबन के बाद भी नौकरी में प्रमोशन भी। भाजपा राज में नित नए घोटाले सामने आने पर धीरेंद्र प्रताप ने भाजपा के जीरो टोलरेंस के दावों को ढकोसला बताया।

# कड़वी हकीकत का अहसास

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपमान का घूंट पी लिया है। कारण बढ़ती महंगाई और दूसरी आर्थिक दिक्कतें हैं। इनकी वजह से पश्चिमी देशों में ये अहसास गहराने लगा है कि यूक्रेन मसले पर आर्थिक युद्ध का पहला दौर रूस ने जीत लिया है। इसे जो बाइडेन की मजबूरी ही समझा जाएगा कि उन्हें सऊदी अरब जाने की योजना बनानी पड़ी है। २०२० में राष्ट्रपति चुनाव के समय बाइडेन ने सऊदी प्रिंस सलमान को दंडित करने का संकल्प लिया था। प्रिंस सलमान पर अखबार वॉशिंगटन पोस्ट के स्तंभकार जमाल खशोगी की हत्या करवाने का आरोप है। बहरहाल, यूक्रेन युद्ध ने हालाता इस तरह बदले कि मार्च में बाइडेन को खुद प्रिंस सलमान को फोन करना पड़ा। उधर प्रिंस की हिमाकत ऐसी कि उन्होंने फोन लेने से इनकार कर दिया। लेकिन ये अपमान भी बाइडेन पी गए। इसलिए यूक्रेन युद्ध के बाद बढ़ी तेल की महंगाई से बढ़ रही मुश्किलों का उन्हें कोई हल ढूंढना है। इसी कोशिश में उन्होंने वेनेजुएला से भी संपर्क साधा, जबकि अमेरिका ने वहां के राष्ट्रपति निकोलस मदुरो को मान्यता तक नहीं दे रखी है। तो इसी मजबूरी में बाइडेन इसी महीने सऊदी अरब जाएंगे। ये खबर एक अमेरिकी अखबार ने दी है। दरअसल, बढ़ती महंगाई और दूसरी आर्थिक दिक्कतों के बीच पश्चिमी देशों में ये अहसास गहराने लगा है कि यूक्रेन मसले पर आर्थिक युद्ध का पहला दौर रूस ने जीत लिया है।

सैनिक मोर्चे पर भी रूस को लगातार मिल रही सफलताओं से भी पश्चिमी राजधानियों में मायूसी का माहौल है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेन्स्की यह स्वीकार कर चुके हैं कि रूस ने यूक्रेन के लगभग २० फीसदी हिस्से पर अपना कब्जा जमा लिया है। असल में रूस का अब उन इलाकों पर कब्जा हो चुका है, जहां यूक्रेन के ९० फीसदी ऊर्जा संसाधन, महत्त्वपूर्ण बंदरगाह और जहाजरानी से संबंधित केंद्र हैं। इस बीच पश्चिमी देशों में ये आशंका गहरा गई है कि युद्ध लंबा खिंचा, तो पश्चिमी देशों और गरीब मुल्कों पर इसका बहुत खराब असर पड़ेगा। यूरोप और अमेरिका में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर है। पश्चिमी देशों में आर्थिक विकास दर गिरने या अर्थव्यवस्था के मंदी का शिकार होने का अंदेशा गहरा गया है। उधर २०22 के पहले चार महीनों में रूस को 96 बिलियन डॉलर का व्यापार मुनाफा हुआ। यह २०21 की इसी अवधि के मुकाबले तीन गुना ज्यादा है। (आरएनएस)

# करण वी ग्रोवर के साथ नजर आएंगे पंकित ठक्कर

आपकी नजरों ने समझा के अभिनेता पंकित ठक्कर, संदीप सिकंद के आगामी शो बहुत प्यार करता है के कलाकारों में शामिल होने से खुश हैं। इस शो में मुख्य भूमिका के तौर पर करण वी ग्रोवर नजर आने वाले हैं। अभिनेता पंकित ठक्कर कहते हैं, मैं संदीप सिकंद के साथ जुड़ने के लिए उत्साहित हूं, वह एक अद्भुत व्यक्ति है। इस शो में मैं दीप मल्होत्रा की भूमिका निभा रहा हूं जो कि सकारात्मक भूमिका है, लेकिन काफी आशाजनक और चुनौतीपूर्ण है। पंकित को एक्टर करण वी ग्रोवर के साथ फिर से जुड़ने के लिए भी उत्साहित हैं, जिनके साथ उन्होंने पहले बहू हमारी रजनी कांत शो में अभिनय किया था। पंकित ठक्कर कहते हैं, करण एक बहुत ही स्वाभाविक अभिनेता हैं और वह मेज पर बहुत सारी सकारात्मकता और व्यावसायिकता लाते हैं। वह एक टीम के खिलाड़ी हैं और एक अभिनेता के रूप में कभी भी असुरक्षित नहीं होते हैं, इससे पहले उनके साथ काम करना एक खुशी की बात थी और मैं उनके साथ काम करने के लिए उत्साहित हूं। इससे पहले अभिनेता पंकित दिल मिल गए, कुमकुम - एक प्यारा सा बंधन, कभी सौतन कभी सहेली जैसे शो में काम कर चुके हैं। (आरएनएस)

# उद्धव-पवार पर भारी फड़नवीस



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने अपने अपमान का बदला ले लिया है। उन्होंने राज्यसभा के चुनाव में मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार के साझा प्रयास को विफल करके भाजपा का तीसरा उम्मीदवार जिता लिया। इससे पहले उद्धव और पवार की वजह से फड़नवीस को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के चार दिन में ही इस्तीफा देना पड़ा था। तब से वे मौके की ताक में थे। इस बार जब फड़नवीस के कहने पर भाजपा ने तीसरा उम्मीदवार उतारा तो ऐसा लग रहा था कि इस बार भी उद्धव और पवार के सामने उनकी नहीं चलेगी। आखिर खुद शरद पवार ने समाजवादी पार्टी के नेताओं से बात की और उनके दो वोट अपने साथ किए और ओवैसी की पार्टी के दो वोट भी कांग्रेस के समर्थन में कराए गए। फिर भी शिव सेना के दूसरे उम्मीदवार संजय पवार चुनाव हार गए।

महाराष्ट्र में राज्यसभा की पांच सीटों पर पहली वरीयता के वोट से फैसला हो गया। भाजपा के दो और शिव सेना, एनसीपी व कांग्रेस के एक-एक उम्मीदवार जीत गए। असली लड़ाई छठी सीट के लिए थी, जिस पर शिव सेना के संजय पवार का मुकाबला भाजपा के धनंजय महाडिक से थे। फड़नवीस ने यह सुनिश्चित किया कि इसका फैसला पहली वरीयता के वोट से न हो। वे जानते थे कि दूसरी वरीयता के वोटों में वे जीत जाएंगे। इसके लिए उन्होंने सरकार को समर्थन दे रही छोटी पार्टियों के नौ विधायकों से क्रॉस वोटिंग कराई। मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा के अपने 1०6 विधायक हैं और उसे सात अन्य विधायकों का समर्थन है।

उन्हें राज ठाकरे की पार्टी के एक विधायक का समर्थन मिला और नौ अन्य विधायकों का समर्थन उन्होंने हासिल कर लिया। फड़नवीस तीसरी सीट जीतने के लिए इतने आश्वस्त थे कि उन्होंने पहले दोनों उम्मीदवारों पीयूष गोयल और अनिल बोंडे को 48-48 वोट आवंटित कराए, जबकि एक सीट जीतने के लिए 41 वोट की ही जरूरत थी। उनके तीसरे उम्मीदवार को पहली वरीयता के 27 वोट मिले और दूसरी वरीयता के वोट मिला कर साढ़े 41 से ज्यादा हो गया। (आरएनएस)

# विस अध्यक्ष खडूड़ी ने की केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से शिष्टाचार भेंट



संवाददाता

देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने मंत्री गिरिराज सिंह से शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

आज यहां उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने मंत्री गिरिराज सिंह के उत्तराखंड आगमन पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं शाल ओढ़ाकर केंद्रीय मंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी के देहरादून स्थित शासकीय आवास पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह एवं विधानसभा अध्यक्ष के बीच प्रदेश से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा वार्ता हुई। केन्द्रीय मंत्री ने उत्तराखंड की प्रथम महिला विधानसभा अध्यक्ष बनने पर ऋतु खंडूडी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक उमेश शर्मा काऊ, खजान दास, सविता कपूर, बृज भूषण गैरोला, नगर निगम मेयर सुनील उनियाल गामा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# नशा मुक्ति केन्द्र से युवक लापता

संवाददाता

देहरादून। नशा मुक्ति केन्द्र से की दीवार फांदकर युवक लापता हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नन्दीनी पाण्डे निवासी शिवदयाल कम्पाउड नियर आईटीसी खलासी लाइन सहारनपुर ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बडा बेटा प्रतीक पाण्डेय जो कि बुरी लत व नशे का शिकार हो गया था। जिसकी वजह से उसकी मानसिक हालत भी बिगड चुकी थी। जिनको देखते हुए उसके द्वारा उसे नशे की तल छुडाने के उद्देश्य नशा मुक्ति केन्द्र नन्दा की चौकी देहरादून में दिसम्बर 2020 को दाखिल कराया गया था। जिसका इस संस्थान में एक वर्ष से इलाज चल रहा था। उसका बेटा प्रतीक 23 दिसम्बर को नशा मुक्ति केन्द्र संस्थान से बिना किसी को बताए दीवार कूद कर कही भाग गया। उसने उसको परिवार व रिश्तोदारों के यहां बहुत ढूढने के बाद भी अभी तक उसका कुछ पता नहीं चला है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## बंद बेअसर, प्रदर्शन जारी

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

तरह सेना में पूर्णकालिक भर्तियां करें। इस पर युवाओं का कहना है कि यह उनके साथ धोखा है। युवाओं ने कहा कि जिन लड़कों के पहले फिजिकल और मेडिकल की परीक्षाएं हो चुकी है उनकी लिखित परीक्षाएं कराई जाए। प्रदर्शन कर रहे युवा इस बात से नाराज थे कि इस प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया है।

केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए यह युवा सचिवालय पहुंचे जहां उन्होंने प्रधानमंत्री व रक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन भी अधिकारियों को सौंपा। उधर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा आज जिलाधिकारी कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया और सेना में ठेकेदारी पर नौकरी देने के इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की।

इन कार्यकर्ताओं ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाया कि वह युवा बेरोजगारों के साथ धोखा कर रही है। अग्नीपथ योजना की वापसी की मांग को लेकर उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया।

# दो सूत्री मांगों को लेकर बेरोजगार डिप्लोमा संघ ने किया सीएम आवास कूच

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड बेरोजगार डिप्लोमा तकनीकी संघ ने अपनी दो सूत्री मांगों को लेकर मुख्यमंत्री आवास कूच किया। जिनको हाथीबडकला में रोक दिया गया जहां से उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।




आज यहां उत्तराखण्ड बेरोजगार डिप्लोमा तकनीकी संघ के बैनर तले बेरोजगार डिप्लोमा धारक गांधी पार्क में एकत्रित हुए जहां से उन्होंने संघ के बैनर तले मुख्यमंत्री आवास कूच किया। गांधी पार्क से राजपुर रोड, दिलाराम चौक होते हुए हाथीबडकला चौकी के पास पहुचे जहां पर पुलिस ने उनको बैरकेडिग लगाकर रोक दिया। इसके पश्चात वह वहीं धरने पर बैठ गये। जिसके बाद उन्होंने जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा हेतु 2021 को उत्तराखण्ड कार्मिक एवं सतर्कता विभाग द्वारा उक्त परीक्षा का अधियाचन उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग को प्रेषित किया गया था जिसमें सिंचाई विभाग के 228 रिक्त पदों को भी सम्मिलित किया गया था। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा उक्त परीक्षा का विज्ञापन 26 नवम्बर 2021 को जारी किया गया था जिसमें सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता सिविल के 228 पदों को विज्ञापन से एक दिन पूर्व हटा दिया गया जबकि कनिष्ठ अभियंता यांत्रिकि के 48 पदों को विज्ञापन में अन्य विभागों के सभी पदों के साथ विज्ञापित किया गया है। उन्होंने मांग की है कि सिचांई विभाग के कनिष्ठ अभियंता सिविल के 228 रिक्त पदो को वर्तमान में लोक सेवा आयोग द्वारा जारी भर्ती प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाये तथा उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य कनिष्ठ अभियंता सेवा परीक्षा 2021 से सम्बन्धित विभागों के कनिष्ठ अभियंता के पदों को किसी भी प्रकार से कम ना किया जाये। इस अवसर पर संदीप उनियाल, आशीष, संजय नेगी, मनोज टगरिया, विकास पंवार, मनोज सरियाल, सचिन कुमार, राजपाल पंवार, शिवानी, हिमानी, आदि लोग मौजूद थे।

# नशा मुक्ति अभियान में सात परिवारों ने की नशे से तौबा

नगर संवाददाता

मुनस्यारी। नशामुक्ति की ओर तेजी से बढ़ रहे गिरगांव में बीते सप्ताह हुए देवी-देवताओं के पूजा पाठ एवं नामकरण संस्कार में पहली बार सात परिवारों ने शराब सहित किसी भी प्रकार के नशे का प्रचलन नहीं करके एक मिशाल कायम की। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने इन सात परिवारों को आगे सम्मानित करने की घोषणा की। अभियान के दौरान महिलाओं के छापामार दल ने एक को शराब बेचते हुए पकड़कर दो हजार रुपए जुर्माना वसुला गया।



महिलाओं द्वारा घर- घर जाकर शराब बंदी के लिए सहयोग की अपील की जा रही है। जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया के सार्वजनिक आव्हान के बाद गिरगांव मुनस्यारी विकास खंड का पहला गांव है, जिसने नशामुक्त गांव बनने की घोषणा की है।

इस गांव में महिलाओं द्वारा टीम बनाकर लगातार घर-घर जाकर ग्रामवासियों से सहयोग मांगा जा रहा है। महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं द्वारा सुबह से शाम तक बिना भोजन किए इस अनूठे नशाबंदी अभियान को सफल बनाने के लिए मेहनत की जा रही है। महिलाओं के छापामार दल ने अपील के दौरान एक घर में शराब पकड़ी तो पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया। इसकी राशि सुनते ही शराब बेचने वाले के होश उड़ गए। आगे अभी भी शराब नहीं बेचने का शपथपत्र देने के बाद जुर्माना की राशि घटाकर दो हजार रुपए वसुला गया।

महिलाओं की नशे को लेकर मार्मिक अपील 'आपन नान, तिनक मुख चावौ' से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत गिरगांव के निवासी रमेश सिंह पुत्र गंगा सिंह, राजेन्द्र सिंह पुत्र शेर सिंह, भूपेंद्र सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह, तीर्थराज सिंह पुत्र हीरा सिंह,मोहन सिंह पुत्र भवान सिंह, सुंदर सिंह पुत्र हयात सिंह ने पूजा पाठ तथा दान सिंह पुत्र गोकरण सिंह ने नामकरण संस्कार में नशे को प्रतिबंधित कर इस अभियान के इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में लिख दिया है।


जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया ने कहा कि शीघ्र गांव में एक सम्मान समारोह कर इन सात परिवारों के मुखियाओं को उनकी धर्मपत्नी के साथ सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के अन्य गांवों को भी इस गांव से प्रेरणा लेकर नशामुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए आगे आने का आव्हान किया।

अभियान की सफलता से उत्साहित गिरगांव की ग्राम प्रधान हंशा दुबड़िया ने कहा कि महिलाओं की एकजुटता तथा पुरुषों के सहयोग से ही यह सफलता प्राप्त हुई है। महिला स्वयं सहायता समूहों की ग्राम संगठन की अध्यक्ष रेखा कोरंगा तथा महिला मंगल दल की अध्यक्ष ममता दुबड़िया ने कहा कि पहले प्रयास हुए थे, लेकिन अभियान सफल नहीं हो पाया था। इस बार जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया के पहले दिन से सहयोग मिलने के कारण महिलाओं के साथ ग्रामवासियों के हौसले बुलंद है।

## पलायन पर जताई चिंता

पिथौरागढ़। सैनिक कल्याण विभाग की ओर से बलुवाकोट में भूतपूर्व सैनिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। रविवार को सम्मेलन में सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी बीएल रावत ने पूर्व सैनिकों की समस्याएं सुनी और उनके समाधान का भरोसा दिया।

पूर्व सैनिकों ने बंदरों के आतंक, विद्यालयों की बदहाली, स्वास्थ, संचार, सड़क सुविधा के अभाव में पलायन सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान अध्यक्ष कैप्टन रिटायर नारायण दत्त भट्ट, कृष्ण ऐरी, सचिव चंचल ऐरी,संरक्षक कै. रिटायर दीवान सिंह मेहता, मेजर रिटायर खीम सिंह ऐरी, देव सिंह ग्वाल मौजूद रहे।


कोरोना से डरे नहीं
सतर्क रहें, सुरक्षित रहें


## एक नजर

# अग्निपथः बिहार के 20 जिलों में इंटरनेट सेवा बंद, 800 से अधिक लोग गिरफ्तार

नई दिल्ली । अग्निपथ योजना के विरोध में बिहार में हो रहे प्रदर्शन पर अंकुश लगाने के लिए एहतियातन २० जिलों में इंटरनेट सेवा को सोमवार बंद कर दिया गया है। इस बीच, प्रदर्शन के नाम पर सरकारी और निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने और तोड़फोड़ के आरोप में अब तक ८०० से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। राज्य में हो रहे हंगामे को लेकर अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए राज्य में पहले १५ जिलों में इंटरनेट पर रोक लगाई गई थी। अब इनमें ५ और जिले जोड़ दिए गए हैं। सोमवार को कैमूर, भोजपुर, औरंगाबाद, रोहतास, बक्सर, नवादा, पश्चिम चंपारण, समस्तीपुर, लखीसराय, बेगूसराय, वैशाली, सारण, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, दरभंगा, गया, मधुबनी, जहानाबाद, खगड़िया और शेखपुरा जिले में इंटरनेट पर रोक लगा दी गई है। इस बीच, १६ जून से लेकर १८ जून तक प्रदर्शन के नाम पर सरकारी सम्पत्ति को विनष्ट करने, आगजनी करने तथा तोड़–फोड़ के विरुद्ध राज्य भर में कुल १४५ प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं तथा ८०४ अराजक तत्वों की गिरफ्तारी की गई है।



# वॉशिंगटन डीसी में म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान चली अंधाधुंध गोलियां

वॉशिंगटन। अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। वॉशिंगटन डीसी के यू स्ट्रीट नॉर्थवेस्ट में म्यूजिक कॉन्सर्ट के दौरान चली गोलियों में एक पुलिसवाले समेत कई लोग जख्मी हुए है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, शूटिंग १४वें और यू स्ट्रीट पर म्यूजिक कॉन्सर्ट की साइट पर हुई। एमपीडी अधिकारी के पैर में गोली लगी। जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है और अब तबीयत स्थिर है। पुलिसवाले समेत कुल चार लोगों को गोली लगी थी। घायलों में १५ साल का एक लड़का भी था, जिसकी बाद में मौत हो गयी। गौरतलब है कि अमेरिका में ऐसी गोलीबारी की घटनाएं बढ़ रही हैं। पिछले दिनों हुई गोलीबारी की घटनाओं को लेकर राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी चिंता जताई है। उन्होंने कहा था कि बच्चों और परिवारों की सुरक्षा के लिए ऐसे हथियारों को बैन किया जाना चाहिए। बाइडेन आने वाले दिनों में बंदूक खरीदने की उम्र १८ साल के बढ़ाकर २१ साल भी कर सकते हैं।



# 'ग्लो एंड लवली' योजना चला रही है ईडीः अजय माकन

नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा, सरकार के खिलाफ बोलने वालों पर एजेंसियां दबाव बना रही है, लेकिन भाजपा में शामिल हुए हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य जैसे नेताओं के पीछे कोई ईडी या सीबीआई नहीं है। यह उनके लिए ग्लो एंड लवली योजना है। कांग्रेस ने कहा कि वह ईडी की कार्रवाई और अग्निपथ के खिलाफ जंतर–मंतर पर अपना सत्याग्रह जारी रखेगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस उन्हें निर्धारित जगह पर जाने से रोक रही है। जयराम रमेश ने रविवार को ट्वीट किया था, कल देश भर में लाखों कांग्रेस कार्यकर्ता युवा विरोधी अग्निपथ योजना के खिलाफ और मोदी सरकार की प्रतिशोध की राजनीति के खिलाफ शांतिपूर्ण विरोध जारी रखेंगे। रमेश ने कहा कि कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल शाम को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात करेगा। रविवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना के खिलाफ दिल्ली के जंतर मंतर पर हो रहे विरोध–प्रदर्शन का नेतृत्व किया। कांग्रेस के कई शीर्ष नेताओं ने सत्याग्रह में भाग लिया और सरकार से अग्निपथ योजना को वापस लेने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार को इस योजना को तुरंत वापस लेना चाहिए क्योंकि यह युवाओं के लिए सही नहीं है।



# योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है :धामी



हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के पूर्व दिवस पर आज 'रन फॉर योग' कार्यक्रम के तहत घण्टाघर से एम.के.पी. चौक तक आयोजित दौड़ में शामिल होकर योग के प्रति युवाओं एवं जनता को जागरूकता का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर उन्होने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरी दुनिया में योग को मान्यता दिलवाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज पूरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को एक उत्सव के रूप में मना रही है, साथ ही संस्कृति, धर्म, भारत की परंपराओं के संरक्षण का कार्य आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहा है।

कहा कि शरीर और मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित रूप से दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

## ●मुख्यमंत्री ने रन फॉर योग कार्यक्रम के तहत आयोजित दौड़ में हिस्सा लिया

उन्होंने कहा योग का अभ्यास शरीर, श्वास और मन को जोड़ता है। साथ ही योग से शरीर, विचार हमेशा स्वस्थ सकारात्मक रहते हैं उन्होंने कहा कि दौड़ की अगुवाई कर रहे एनसीसी युवाओं को देख उन्हें अपना बचपन याद आ गया। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाए जाने का सभी से आग्रह किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देहरादून देश के प्रमुख शहरों में से एक है इसकी स्वच्छता से हम पूरे देश में पर्यावरण के प्रति सकारात्मक संकेत दे सकते हैं। उन्होंने कहा क्लीन सिटी ग्रीन सिटी यह मेरा ड्रीम सिटी के साथ आप सभी जुड़े एवं अपने शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाएं, इस दौरान उन्होंने स्वच्छता को सहभागिता से किया जाने वाला कार्य बताया। उन्होंने कहा कि हम इकोलॉजी एवं इकोनामी में समन्वय बनाकर देहरादून शहर का विकास करेंगे। कहा कि उत्तराखंड राज्य विकास के नए आयामों को छू रहा है। उन्होंने कहा आज केदारनाथ का प्रांगण ने दिव्य भव्य और नया रूप ले लिया है इसके साथ ही बद्रीनाथ धाम का मास्टर प्लान भी शुरू कर दिया गया है। उन्होंने आने वाले 25 वर्ष को उत्तराखंड को प्रत्येक क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाए जाने, एवं आत्मनिर्भर उत्तराखंड बनाए जाने की बात कही। इस दौरान मेयर सुनील उनियाल गामा, विधायक खजान दास, विधायक विनोद चमोली, डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार, सचिव डॉ पंकज कुमार पांडेय एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# अंधेरे में खडी कार से बाईक टकरायी, युवक की मौत

संवाददाता

देहरादून। अंधेरे में खड़ी कार से मोटरसाईकिल के टकराने से उसमे सवार एक युवक की मौत हो गयी जबकि दूसरे की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार श्याम बहादुर निवसी जूही बारादेवी कानपुर नगर ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बेटा जय सिह देहरादून मे बीबीए को पढाई कर रहा था। पांच मई को वह अपने मित्र वासू गुप्ता निवासी बारादेवी कानपुर नगर के साथ मोटर साइकिल से अपने हास्टल से खाना खाने बिधौली रात्रि 11 बजे जा रहे थे रोड पर स्थित इमोशन्श कन्फेक्शन के बाहर लगे सीमेन्ट बिजली के खम्भे का बाहर बीच सडक पर खडी कार स्विफ्ट डिजायर जिसमे कोई भी इन्डीकेटर या बैक लाइट भी उस समय नही जल रही थी और बिना सांकेतिक के लापरवाही पूर्वक खडी थी। रात्रि का समय होने के कारण उसके पुत्र जय सिह की मोटर साइकिल उक्त कार मे भिड गयी थी जिससे कि जय सिह व वासू गुप्ता गम्भीर रुप से घायल हो गये और कालेज की एम्बूलेन्स से दोनो लोगो का प्राथमिक उपचार हेतु लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार हुआ तत्पश्चात जय सिह व वासु गुप्ता को कानपुर हैलट अस्पताल ले जाया गया दौरान इलाज कानपुर हैलट अस्पताल मे वासु गुप्ता की मृत्यु हो गयी तथा उसके पुत्र जय सिह का उपचार आज तक कानपुर मे चल रहा है अभी भी उसकी स्थित गम्भीर है।

# चोरी के महिन्द्रा मैक्स वाहन सहित दो शातिर गिरफ्तार, भेजा जेल

हमारे संवाददाता

देहरादून। चौपहिया वाहन चोरी होने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो शातिरों को चोरी की गये वाहन मय फर्जी नम्बर प्लेट सहित बरामद कर लिया गया है।

एसपी सिटी सरिता डोबाल ने बताया कि बीती 8 जून को सुन्दर सिह पयाल पुत्र स्व. चमन सिह निवासी पथरीबाग द्वारा कोतवाली पटेलनगर में तहरीर देकर बताया गया था कि मैने अपना वाहन (महिन्द्रा मैक्स) रात्रि के समय अपने घर के सामने खडा किया गया था। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया है। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी गयी। चोरों की तलाश में जुटी पुलिस टीम को बीती रात सूचना मिली कि उक्त चुराया गया महिंद्रा मैक्स वाहन ट्रांसपोर्ट नगर में अभिनंदन गार्डन के सामने खाली पडे ग्राउंड में खड़ा है तथा जिन लोगों द्वारा वह वाहन चुराया गया है वह वाहन में ही मौजूद है तथा वह वाहन को कहीं ले जाने की फिराक में है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और वाहन में बैठे दो लोगों को दबोच लिया। पता चला कि उक्त वाहन में फर्जी नम्बर प्लेट लगायी गयी थी। थाने लाकर की गयी पूछताछ में गिरफ्तार लोगों ने अपना नाम अनवर समीर पुत्र अख्तर निवासी ग्राम गदेवडा जिला सहारनपुर व सोनू उर्फ रमान पुत्र बबलू उर्फ फैजान निवासी उपरोक्त बताया। बताया कि 7 जून की रात हम दोनों देहरादून आए थे हमने ट्रांसपोर्ट नगर में शराब पी उसके बाद



रात्रि मे जब हम मोटर साईकिल से कार्गी चौक से अन्दर की तरफ जाने वाली रोड पर गए तो एक स्कूल के पास यह गाड़ी एकांत में खड़ी थी तो हमने अपने पास पहले से मौजूद चाबी से गाड़ी का लॉक खोला और गाड़ी चोरी कर ली। घटना के बाद हम अपने गांव चले गए थे आज हम वापस आये तो हमें पकड़ लिया गया।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*